**सुविचार**

सबसे श्रेष्ठ किस्म की सेवा ऐसे व्यक्ति की मदद करना है जो बदले में आपको धन्यवाद कहने में भी असमर्थ हो।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 71 | पंचकूला। शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

# पंचकूला में रंजीता मेहता ने की मेयर पद की दावेदारी

- विभिन्न समाजों (बनिया, ब्राह्मण, पंजाबी, एससी , जाट) के प्रतिनिधियों ने दिया समर्थन
- सर्वसमाज की एकजुटता से मजबूत हुई राजनीतिक दावेदारी
- संगठनात्मक अनुभव और जनसंपर्क बना रहे बड़ी ताकत

पंचकूला ऑब्जर्वर

पंचकूला नगर निगम मेयर पद को लेकर भाजपा में दावेदारों की हलचल के बीच आज एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश सामने आया, जब रंजीता मेहता ने विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर अपना आवेदन प्रस्तुत किया।इस अवसर पर बनिया, पंजाबी, ब्राह्मण, अनुसूचित जाति (स्ट), जाट सहित अन्य कई वर्गों के प्रमुख लोगों ने एकजुट होकर रंजीता मेहता के साथ जाकर मेयर पद के लिए आवेदन किया। यह दृश्य स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि रंजीता मेहता की दावेदारी अब किसी एक वर्ग तक सीमित न रहकर सर्वसमाज का समर्थन प्राप्त कर रही है।राजनीतिक जानकारों के अनुसार, पंचकूला की राजनीति में जातीय संतुलन हमेशा एक महत्वपूर्ण कारक रहा है, लेकिन इस बार जिस प्रकार विभिन्न वर्गों का एक मंच पर आना देखने को मिला है, वह चुनावी समीकरणों को नया रूप दे सकता है।रंजीता मेहता, जो पूर्व मानद महासचिव, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद और पूर्व प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा हरियाणा रह चुकी हैं, लंबे समय से संगठन और समाज सेवा में सक्रिय रही हैं। उनके प्रशासनिक अनुभव, मजबूत संगठनात्मक पकड़ और जनसंपर्क के कारण वे एक व्यापक स्वीकार्यता वाला चेहरा बन चुकी हैं।आज के इस शक्ति प्रदर्शन को



राजनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जहां अन्य दावेदार अपने-अपने वर्गों में समर्थन जुटाने में लगे हैं, वहीं रंजीता मेहता के साथ सर्वसमाज का खुला समर्थन उनकी दावेदारी को और मजबूत करता दिखाई दे रहा है। विशेष रूप से महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने और एक संतुलित व सर्वसमावेशी चेहरा देने के दृष्टिकोण से भी रंजीता मेहता का नाम प्रमुखता से उभर रहा है।इसके साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के परिप्रेक्ष्य में भी रंजीता मेहता की दावेदारी को विशेष महत्व मिल रहा है।

यह अधिनियम महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।रंजीता मेहता जैसी अनुभवी और सक्रिय महिला नेता के लिए यह अधिनियम एक सशक्त अवसर के रूप में देखा जा रहा है, जो न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है बल्कि स्थानीय स्तर पर भी महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त करता है। इससे पार्टी नेतृत्व को भी यह संदेश जाता है कि योग्य और जनसमर्थन प्राप्त महिला उम्मीदवारों को आगे लाना समय की मांग है। पंचकूला की राजनीति में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा नेतृत्व पारंपरिक जातिगत समीकरणों को प्राथमिकता देता है या फिर व्यापक जनसमर्थन, महिला सशक्तिकरण और जीत की संभावना को ध्यान में रखते हुए रंजीता मेहता जैसे मजबूत और सर्वस्वीकार्य चेहरे पर भरोसा जताता है।

## कुलभूषण गोयल ने पंचकूला से मेयर पद पर दावा ठोका

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला के आगामी मेयर चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जहां संभावित उम्मीदवारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, वहीं पार्टी के अंदर टिकट को लेकर चर्चाओं और दावेदारी का दौर भी तेज हो गया है। इसी बीच पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल एक बार फिर मजबूत दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं।



भाजपा के स्थानीय संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच कुलभूषण गोयल का नाम सबसे आगे चल रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गोयल ने मेयर पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है और उन्हें जमीनी स्तर पर अच्छा समर्थन भी मिल रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि पार्टी को इस बार भी एक अनुभवी और साफ छवि वाले नेता को मौका देना चाहिए। कुलभूषण गोयल की पहचान एक सादगीपूर्ण और ईमानदार नेता के रूप में रही है। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए, जिन्होंने उन्हें आम जनता और कर्मचारियों के बीच लोकप्रिय बनाया। सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने महापौर रहते हुए नगर निगम से मिलने वाला पूरा वेतन और मानदेय सफाई कर्मचारियों में वितरित कर दिया। यह कदम शहर में काफी चर्चा का विषय बना और लोगों ने इसे सेवा भावना का उदाहरण माना। इसके अलावा, गोयल ने अपने कार्यकाल में सरकारी सुविधाओं के दुरुपयोग से भी दूरी बनाए रखी। उन्होंने निजी जीवन में सादगी अपनाते हुए सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे उनकी छवि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में और मजबूत हुई। भाजपा के कई स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का मानना है कि पार्टी को बाहरी चेहरे पर दांव लगाने से बचना चाहिए। उनका कहना है कि कुलभूषण गोयल जैसे अनुभवी और जमीनी नेता को टिकट देना ही पार्टी के लिए फायदेमंद होगा। कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि गोयल का संगठन में लंबा अनुभव और जनता से सीधा जुड़ाव चुनाव में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

भाजपा नेतृत्व के सामने इस बार उम्मीदवार चयन को लेकर संतुलन बनाना बड़ी चुनौती बन सकता है। एक ओर जहां कई नए चेहरे भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं, वहीं अनुभवी नेताओं की दावेदारी भी मजबूत है। ऐसे में पार्टी को संगठनात्मक मजबूती, जीत की संभावना और जनस्वीकार्यता जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए फैसला लेना होगा।

## कई सामाजिक संगठनों के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचे अनिल थापर, मेयर टिकट मांगी

**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और मेयर पद के दावेदार खुलकर सामने आने लगे हैं। इसी क्रम में पंजाबी भाजपा नेता अनिल थापर ने वीरवार को मेयर पद के लिए अपना दावा पेश किया। इस अवसर पर उनके साथ पंचकूला व्यापार मंडल, एमडीसी व्यापार मंडल, उत्तराखंड सभा और कुमाऊं सभा के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने उनका समर्थन किया।अनिल थापर ने कहा कि उनका परिवार शुरू से ही जनसंघ और भाजपा की विचारधारा से जुड़ा रहा है। उन्होंने बताया कि उनका संबंध शहीद सुखदेव सिंह के परिवार से है, जो उनके लिए गर्व की बात है। थापर ने स्पष्ट किया कि वे राजनीति में प्रसिद्धि के लिए नहीं, बल्कि सेवा भाव से आए हैं और उनका मुख्य उद्देश्य जनता की भलाई करना है।

उन्होंने कहा कि पंचकूला में उत्तराखंड सभा और कुमाऊं सभा के करीब 40 हजार सदस्य हैं, जिनका उन्हें समर्थन मिल रहा है। इस समर्थन से वे उत्साहित हैं और



विश्वास के साथ चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने हमेशा समाज सेवा को प्राथमिकता दी है और आगे भी इसी भावना के साथ काम करते रहेंगे।थापर ने भरोसा जताया कि भाजपा नेतृत्व उनकी निष्ठा और समर्पण को देखते हुए उन्हें मेयर पद के लिए टिकट देगा। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वे पंचकूला को एक आदर्श नगर बनाने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

## महिला आरक्षण विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में किया संबोधन

# महिला आरक्षण का जिसने विरोध किया, महिलाओं ने उसका बुरा हाल किया : पीएम

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली.** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में संबोधन के दौरान कहा कि आज सुबह से चर्चा शुरू हुई है। जीवन में कुछ महत्वपूर्ण पल आते हैं। उस समय समाज की मनोस्थिति और नेतृत्व की क्षमता उस पल को कैप्चर करके एक राष्ट्र की अमानत बना देती है, एक मजबूत धरोहर तैयार कर देती है। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में यह वैसा ही पल है। आवश्यकता तो ये थी कि 25-30 वर्ष पहले जब आवश्यकता महसूस हुई तो हम इसको लागू कर देते और काफी परिपक्वता तक पहुंचा देते, आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर सुधार भी होते। यही लोकतंत्र की ड्यूटी होती है। हमारी हजारों वर्ष की लोकतंत्र की विकास यात्रा रही है। विकास यात्रा में नया आयाम जोड़ने का शुभ अवसर सदन के सभी साथियों को मिला है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब भाग्यवान हैं कि हमें ऐसे महत्वपूर्ण और देश की आधी आबादी को राष्ट्र निर्माण की नीति निर्धारण की प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाने का सौभाग्य मिल रहा है। मैं चाहता हूं कि सभी सांसद इस महत्वपूर्ण अवसर को जाने न दें। हम सब मिलकर देश को नई दिशा देने जा रहे हैं। हमारी शासन व्यवस्था को संवेदनशीलता से भरने का एक सार्थक प्रयास करने के लिए जा रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस मंथन से जो अमृत निकलेगा वो देश की राजनीति की दिशा और दशा तय करने वाला है।

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में भारत, एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्व में भी आज भारत की स्वीकृति हम सब महसूस कर रहे हैं। ये हम सब के लिए गौरव का पल है। यह समय हमारे पास आया है। इस समय को हमने एक %विकसित भारत% के संकल्प के साथ जोड़ा है। मैं मानता हूं कि केवल उत्तम प्रकार के रेल, रास्ते, इंफ्रास्ट्रक्चर या कुछ आर्थिक प्रगति के आंकड़े से ही विकसित भारत की सीमित कल्पना वाले हम लोग नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि विकसित भारत, जिसके नीति निर्धारण में सबका साथ, सबका विकास का मंत्र समाहित है, देश की 50 प्रतिशत जनसंख्या नीति निर्धारण का हिस्सा बने। यह समय की मांग है। हम पहले ही देरी कर चुके हैं। देश में जब से महिला आरक्षण को लेकर चर्चा हुई है और उसके बाद जब-जब चुनाव आए हैं, हर चुनाव में महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का जिस-जिसने विरोध किया है, देश की महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया है। उनका हाल बुरे से बुरा किया है।

### जनगणना के लिए लगभग 60 हजार कर्मियों को किया प्रशिक्षित

# हरियाणा में ऑनलाइन जनगणना शुरू, सीएम सैनी ने की शुरूआत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म भर कर राज्य में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने प्रदेशवासियों को जनगणना में सक्रिय भागीदारी करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि स्व-गणना की प्रक्रिया बेहद सरल और समय की बचत करने वाली प्रणाली है। जनगणना-2027 विकसित हरियाणा-विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है और यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राज्य के समग्र और न्यायसंगत विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई, 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मकानों की गणना एवं सूचीकरण का कार्य पूरा किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को डिजिटली स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो डिजिटल भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए लगभग 60 हजार कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा, जनगणना करने वाले कर्मियों के लिए मानदेय भी बढ़ाया है।



दोनों फेज में स्व-गणना की ऑनलाइन सुविधा भी पहली बार दी गई है। सेल्फ-एन्युमरेशन एक वेब पोर्टल के जरिए होगा, जिसमें लोग घर-घर सर्वे से 15 दिन पहले अपनी जानकारी खुद ऑनलाइन भर सकेंगे। पोर्टल पर फॉर्म भरने के लिए 16 भाषाओं दी गई हैं। यह बिल्कुल ऑप्शनल है। जो लोग स्व-गणना नहीं करेंगे, वे पारंपरिक तरीके से सरकारी कर्मचारी के घर आने पर डेटा दे सकते हैं। जिन्होंने ऑनलाइन फॉर्म भरा है, उनका डेटा वेरिफाई करने के लिए भी सरकारी कर्मचारी उनके घर जाएंगे।

शहरों में सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों या पार्कों की प्लानिंग करने में भी यह मैप उपयोगी साबित होगा। अगर किसी जगह के घरों के डिजिटल लेआउट में बच्चों की अधिकता होगी तो पार्क और स्कूल प्राथमिकता से बनाने की योजना तैयार की जा सकेंगी। यदि किसी बस्ती में कच्चे मकानों या खराब घरों की अधिकता दिखेगी तो वहां किसी मेडिकल इमरजेंसी के समय तत्काल मोबाइल राहत वैन भेजी जा सकेंगी।

## एक नजर

### स्व गणना अभियान शुरू, डीसी ने पोर्टल पर जानकारी अपलोड कर प्राप्त की एसई आईडी



**पंचकूला।** जिले में गुरुवार से स्व गणना अभियान की शुरुआत हो गई। डीसी एवं मुख्य जनगणना अधिकारी सतपाल शर्मा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी अपलोड कर जिला में स्व-गणना अभियान की शुरूआत की और एसई आईडी प्राप्त की। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि नागरिकों को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना के लिए विशेष सुविधा दी जा रही है, जिसमें वे अपनी जानकारी घर बैठे ऑनलाइन भर सकते है। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक प्रयोग करें और स्व-गणना कर जनगणना 2027 में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि स्व-गणना एक सरल, सुरक्षित और डिजिटल सुविधा है। स्व-गणना करने के लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल se.census.gaæv.in पर जाकर अपने मोबाईल नंबर से ओटीपी द्वारा लॉगिन कर सकते है। इसके बाद उन्हें अपना राज्य, जिला और स्थानीय विवरण चुनना होगा। इसके अलावा डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित कर मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरनी है। सबमिशन के बाद एसई आईडी मिलेगी, जिससे सुरक्षित रखें। प्रगणक आने पर उसे एसई आईडी देनी होगी, जिसके उपरांत प्रगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे। सतपाल शर्मा ने बताया कि इस सुविधा से जहां समय की बचत होगी वहीं स्टीक जानकारी और तेज डाटा प्रसंस्करण होगा। उन्होंने कहा कि स्व-गणना एक विशेष सुविधा है। यदि नागरिक स्व-गणना नहीं कर पाते तो भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। निर्धारित अवधि में प्रगणक लोगों के घर आकर जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी। इसके उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव और नगराधीश एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी जागृति ने भी पोर्टल पर अपनी जानकारी अपलोड की और एसई आईडी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला जनगणना समन्वयक मधु यादव भी उपस्थित रही।

### पुलिस कमिश्नर की निगरानी में 75 मामलों में जब्त, 2.02 करोड़ के ड्रग्स नष्ट

**पंचकूला।** हरियाणा को नशामुक्त बनाने की दिशा में सख्त कार्रवाई करते हुए पंचकूला पुलिस ने आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज की निगरानी में लगभग 2,02,83,511 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। ये सभी नशीले पदार्थ एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2022 से 2024 के बीच दर्ज 75 अलग-अलग मामलों में जब्त किए गए थे, जिनका आज कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सुरक्षित निपटान किया गया। इन नष्ट किए गए पदार्थों में 800 ग्राम हेरोइन, 10.3 किलोग्राम गांजा, 1.5 किलोग्राम चरस, 76.6 किलोग्राम चूरा पोस्त, 24.5 किलोग्राम अफीम के पौधे, 2.6 किलोग्राम अफीम तथा 1342 नशीली गोलियां व कैप्सूल शामिल हैं, जिनका कुल मिलाकर अनुमानित बाजार मूल्य ? 2,02,83,511 आंका गया है। यह पूरी प्रक्रिया सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए बागवाला स्थित हाईजीन फैक्ट्री में उच्च तापमान वाली विशेष भट्टी में किया गया, ताकि नशीले पदार्थों का पूर्णत- नष्टकरण सुनिश्चित हो सके और इनके पुन- उपयोग की कोई संभावना न रहे। इस दौरान डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता, डीसीपी स्टेट क्राइम रजनीश, एसीपी अजीत सिंह, एमएमजे ई/एएसआई टेकचंद, मौली चौकी सब-इंस्पेक्टर रामकरण सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी व गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर पारदर्शिता सुनिश्चित की। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ यह कार्रवाई एक सशक्त कदम है और पंचकूला पुलिस भविष्य में भी इसी तरह सख्ती और निरंतरता के साथ नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करती रहेगी। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी नशा तस्करी, अवैध बिक्री या पेडलर नेटवर्क की जानकारी मिले तो तुरंत मानस हेल्पलाइन 1933 या ड्रग इंफो हेल्पलाइन नंबर 7087081100 व 7087081047 पर सूचना दें, सूचना देने वाली की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### 8वें वेतन आयोग में न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 69,000 करने की मांग

**नई दिल्ली.** नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी (एनसी-जेसीएम) ने 8वें वेतन आयोग को भेजे गए अपने साझा ज्ञापन में केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन में भारी वृद्धि, एक महीने के वेतन के बराबर ग्रेच्युटी और अन्य लाभों का प्रस्ताव रखा है। एनसी-जेसीएम, केंद्र सरकार (नियोक्ता) और केंद्रीय कर्मचारियों के बीच बातचीत के लिए सर्वोच्च संस्था है। एडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट में बताया गया कि इस संस्था ने 8वें वेतन आयोग के सामने फिटमेंट फैक्टर 3.833 रखने का प्रस्ताव दिया है। इससे 7वें वेतन आयोग में न्यूनतम वेतन 18,000 रुपए से बढ़कर 69,000 रुपए हो सकता है। वेतन आयोग में, जीवन निर्वाह लागत और मुद्रास्फीति जैसे कारकों के आधार पर वेतन में संशोधन करने के लिए फिटमेंट फैक्टर एक गुणक है, जिसे मौजूदा मूल वेतन पर लागू करके नए वेतन की गणना की जाती है। एनसी-जेसीएम ने 6 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्नति पर दो वेतन वृद्धि (कम से कम 10,000 रुपए के लाभ के अधीन) आदि का भी प्रस्ताव रखा।

### अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 10 जहाजों को लौटाया

**तेहरान।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 10 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने नाकाबंदी नहीं हटाई, तो वह खाड़ी इलाके में व्यापार को बाधित कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि आज इजराइल और लेबनान के नेता जंग खत्म करने पर सीधे बातचीत करेंगे। यह पिछले 34 साल में दोनों देशों के बीच पहली सीधी बातचीत होगी। इजराइल और लेबनान के नेता आखिरी बार 1991 में मैड्रिड कॉन्फ्रेंस में आमने-सामने बैठे थे।

## लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक 2026 पेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 को पेश करने की मंजूरी मिल गई। महिलाओं के आरक्षण और परिसीमन को लागू करने के उद्देश्य से लाए गए इस अहम विधेयक को सदन में मत विभाजन के बाद स्वीकृति दी गई। विपक्ष की मांग पर वोटिंग की औपचारिक प्रक्रिया अपनाई गई, जिसके बाद मत विभाजन कराया गया। इस दौरान 251 सांसदों ने विधेयक के समर्थन में वोट दिया जबकि 185 सांसदों ने इसका विरोध किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि आंकड़े परिवर्तन के अधीन हो सकते हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में खड़े होकर इस विधेयक को पेश किया, जो विधायी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे पहले भी सांसदों ने इस बिल को चर्चा के लिए पेश करने के पक्ष में मतदान किया था। इस दौरान संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 के साथ-साथ परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 भी लोकसभा में पेश किए गए। आमतौर पर लोकसभा में प्रस्तावों को ध्वनि मत से पारित किया जाता है लेकिन जब किसी निर्णय पर विवाद होता है, तो डिवीजन यानी मत विभाजन की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इस प्रक्रिया में ऑटोमेटिक वोट रिकॉर्डर सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिसमें सांसद हां, ना या अनुपस्थित के रूप में अपना वोट दर्ज करते हैं। मत विभाजन के बाद वोट स्लिप्स का भी इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कुल 333 सांसदों ने मतदान किया और इस चरण में किसी ने भी मतदान से परहेज नहीं किया। लोकसभा के महासचिव उत्पल सिंह ने सदन को वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि अगर कोई सदस्य अपना वोट बदलना चाहता है, तो वह स्लिप के माध्यम से ऐसा कर सकता है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमान टकराए, दोनों हुए क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट का विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई। जानकारी के मुताबिक अकासा एयर की दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट नंबर QP1406 पार्किंग बे से पुशबैक कर रहा था, तभी लेह से दिल्ली आया स्पाइसजेट का B737-700 विमान टेक्सी वे से गेट की तरफ बढ़ते समय उससे टकरा गया। हादसे में स्पाइसजेट विमान के राइट विंगलेट टूट गया। वहीं, अकासा के प्लेन के लेफ्ट होरिजोंटल स्टेबलाइजर को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद ग्राउंड क्रू ने तुरंत ही दोनों प्लेन के सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से निकाल लिया। घटना के बाद स्पाइसजेट और अकासा के प्लेन दिल्ली में ही ग्राउंड कर दिए गए हैं।

## एक नजर

### मोहाली में एसआई का सिर फोड़ा, वर्दी फाड़ी, नशा तस्कर को पकड़ने गई पुलिस, कार में बैठाते ही हमलावरों ने घेरा

**खरड़.** मोहाली में नशा तस्करी के केस में आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला हो गया। जैसे ही पुलिस आरोपी को पकड़कर कार में बैठाने लगी, तो मौके पर मौजूद उसके साथी भड़क गए और पुलिस पर हमला कर दिया। एसआई के सिर में गंभीर चोट लगी है, जिससे वे घायल हो गए और वर्दी फट गई। इसके बाद तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी कार के पास स्ढ्ढ को घेर कर पीटते हुए नजर आ रहे हैं। इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पर हमले से जुड़ा 23 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। जिसमें दिख रहा कि कुछ लोग पुलिस को घेरे हुए हैं। पुलिस आरोपी को कार के अंदर बैठा रही है, इसी बीच उसके साथी विरोध करते हुए पुलिस से हाथापाई करने लगते हैं। इस बीच एक युवक हाथ में डंडा लिए भी दिखता है। हमलावर आरोपी को छुड़ाने की कोशिश भी करते हैं, लेकिन पुलिस उसे कार के अंदर कर देती है। एसआईं टीम के साथ आरोपी को पकड़ने गए॰ बुधवार दोपहर 2.15 बजे हरलालपुर गांव में सदर थाना खरड़ में तैनात अंडर ट्रेनिंग सब-इंस्पेक्टर (एसआई) गुरविंदर सिंह अपनी टीम के साथ एक एनडीपीएस मामले में दबिश देने पहुंचे थे। पुलिस टीम वर्दी में आरोपियों को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों ने अचानक पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हाथापाई में सब-इंस्पेक्टर गुरविंदर सिंह के सिर पर चोट आई और वर्दी फट गई। घायल सब-इंस्पेक्टर को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद हरलालपुर गांव में तनाव का माहौल बन गया है। हमले के बावजूद, पुलिस टीम ने मौके से दो आरोपियों को पकड़ लिया थी। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर बाकी के फरार 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

### वार्षिक समारोह की सफलता के लिए संत सतविंदर हीरा ने संगत और महापुरुषों का किया धन्यवाद

**होशियारपुर/श्री खुरालगढ़ साहिब.** ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन रज/. के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत सतविंदर हीरा के नेतृत्व में श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक धर्म स्थान 'बेगमपुरा' श्री खुरालगढ़ साहिब में 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजित विशाल समारोह की सफलता के बाद, देश-विदेश से पहुंची संगत और पूरे भारत से आए विभिन्न डेरों के संतों-महापुरुषों का संत सतविंदर हीरा जी ने तहे दिल से धन्यवाद किया है। संत सतविंदर हीरा जी ने विशेष तौर पर कहा कि इस पवित्र स्थान पर नतमस्तक होने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों से भी भारी संख्या में संगतें पहुंची, जिन्होंने श्रद्धा और उत्साह से समारोह की रौनक बढ़ाई। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न डेरों से पहुंचे संतों और महापुरुषों के आशीर्वाद से यह तीन दिवसीय समारोह यादगार साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान अनुशासन बनाए रखने और सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए संगत का शुक्रिया अदा किया गया। संत सतविंदर हीरा जी द्वारा विभिन्न संप्रदायों और डेरों से आए महापुरुषों का उनके कीमती समय और मार्गदर्शन के लिए विशेष धन्यवाद किया। इस अवसर पर संत सतविंदर हीरा जी द्वारा दिन-रात सेवा करने वाले स्वयंसेवकों और प्रबंधकों की सराहना की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए इंसानियत और भाईचारा को मजबूत करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस समारोह में पहुंची सभी हस्तियों और संगत ने गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं। समारोह में संत सतविंदर हीरा जी द्वारा आए विभिन्न राजनीतिक व्यक्तियों और संतों-महापुरुषों को सिरोपाव भेंट कर सम्मानित किया गया।

### लुधियाना जिले के किसानों को खेती की मशीनरी के लिए 30 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी: डॉ. गुरदीप सिंह

**लुधियाना.** पंजाब सरकार किसानों की भलाई के लिए कई स्कीम चला रही है, जिसमें धान की सीधी बुआई करने वाले किसानों को इंसेंटिव देना और खेती की मशीनरी खरीदने पर सब्सिडी देना वगैरह शामिल है। यह जानकारी लुधियाना के चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर डॉ. गुरदीप सिंह ने दी। डॉ. गुरदीप सिंह ने बताया कि अब तक धान की सीधी बुआई करने वाले किसानों को 1500 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से कुल 33 लाख रुपये से ज़्यादा की इंसेंटिव रकम जारी की जा चुकी है। इसके अलावा, फसल अवशेष मैनेजमेंट स्कीम के तहत जिले में अब तक पराली मैनेजमेंट के लिए 861 मशीनें खरीदने के लिए किसानों को 26.73 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की जा चुकी है। इस स्कीम के तहत दी गई मशीनों में सुपर सीडर, मल्चर, एमबी प्लो, बेलर, रेक वगैरह शामिल हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन मशीनों का इस्तेमाल करके किसान अगले सीजन में धान की पराली को जलाए बिना बेहतर तरीके से मैनेज कर पाएंगे। पहली मशीनों के अलावा, कोऑपरेटिव सोसाइटियों ने 50 से ज़्यादा दूसरी मशीनें भी खरीदी हैं, जो जिले के उन छोटे किसानों के लिए बहुत मददगार होंगी जो खुद मशीनरी नहीं खरीद सकते। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, डिपार्टमेंट की दूसरी स्कीमों जैसे सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन स्कीम और क्रॉप डाइवर्सिफिकेशन स्कीम के तहत अब तक किसानों को 172 मशीनें खरीदने के लिए 3.50 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की जा चुकी है। इन स्कीम में मुख्य रूप से मक्के की बुआई के लिए न्यूमेटिक प्लांटर, धान की रोपाई के लिए पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन, सही छिड़काव के लिए बूम स्प्रेयर, धान की सीधी बुआई के लिए डीएसआर ड्रिल वगैरह शामिल हैं। चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर लुधियाना ने किसानों से अपील की कि जो किसान अगले धान के सीजन के लिए पराली मैनेजमेंट मशीनरी खरीदना चाहते हैं, वे पंजाब सरकार के agrimachinerypb.com पोर्टल पर अप्लाई कर सकते हैं। अप्लाई करने की आखिरी तारीख 24 अप्रैल 2026 है। किसान पर्सनल इस्तेमाल के लिए या किराए पर मशीनरी का काम करने के लिए 'कस्टम हायरिंग सेंटर' के तहत मशीनरी खरीदने के लिए अप्लाई कर सकते हैं। स्कीम के तहत धान की पराली संभालने वाली मशीनें जैसे बेलर, रोक, हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, जीरो टिल ड्रिल, रिवर्सिबल प्लो, पैडी स्ट्रॉ चॉपर/मल्चर, श्रब मास्टर/रोटरी स्लेशर और कंबाइन पर लगने वाली सुपर एसएमएस मशीनें दी जाएंगी। मशीनों की खरीद पर 50 परसेंट से 80 परसेंट तक या स्कीम के निर्देशों के अनुसार सब्सिडी पाने के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकता है। असिस्टेंट एग्रीकल्चर इंजीनियर लुधियाना इंजी. अमनप्रीत सिंह घई ने कहा कि एप्लीकेशन भरते समय किसानों के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड, ज़मीन का टाइटल, पासपोर्ट साइज़ फोटो और अनुसूचित जाति का सर्टिफिकेट वगैरह की स्कैन की हुई कॉपी होनी चाहिए। ये किसान कस्टम हायरिंग सेंटर या पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चेन स्कीम के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया से स्कीम के बारे में अधूरी या गलत जानकारी मिलने के बजाय, सही जानकारी के लिए एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के ब्लॉक एग्रीकल्चर ऑफिस या असिस्टेंट एग्रीकल्चरल इंजीनियर (संध) लुधियाना के ऑफिस में कॉन्टैक्ट करना चाहिए।

# स्वास्थ्य मंत्री ने अपग्रेड किए गए ईएसआई मुख्यालय का किया उद्घाटन

## स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की

- स्वास्थ्य मंत्री ने अपग्रेड किए गए ईएसआई मुख्यालय का किया उद्घाटन
- स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक कीअर्थ प्रकाश संवाददाता




पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (ईएसआई) पंजाब के नवीनीकृत मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 21 लाख रुपये की लागत आई है। उद्घाटन के बाद मंत्री ने पूरे राज्य में ईएसआई सेवाओं की प्रभावशीलता और विस्तार का मूल्यांकन करने के लिए एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, डॉ. बलबीर सिंह ने राज्य की तीन करोड़ आबादी के कल्याण के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से 15 लाख बीमाकृत व्यक्तियों (आईपी) और उनके 15 लाख आश्रितों को प्रदान किए गए सामाजिक सुरक्षा के व्यापक नेटवर्क पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईएसआई के तहत राज्य के स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं और यह अब 6 विशेष अस्पतालों और 69 डिस्पेंसरी के व्यापक नेटवर्क के तहत कार्यशील है, जिसके तहत राज्य भर के प्रत्येक डिस्पेंसरी में डेकेयर सेवाएं शुरू की गई हैं। समीक्षा बैठक के दौरान, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (ईएसआई) डॉ. अनिल गोयल ने विकास से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में ओपीडी में मेडिकल पहुंच में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई और आईपीडी में भर्ती दर में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य ने डायग्नोस्टिक सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप लैब टेस्ट में 43 प्रतिशत और एक्स-रे सेवाओं में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अब चार प्रमुख ईएसआई अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित और कार्यशील कर दी गई हैं, तथा डायग्नोस्टिक सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए 7 हैंडहेल्ड एक्स-रे यूनिट स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है। मरीजों की सुरक्षा और निर्बाध देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, सभी अस्पतालों को आईपीएचएस मानकों के अनुसार ऑक्सीजन बैकअप से लैस किया गया है और इस संबंध में एक मजबूत पावर बुनियादी ढांचा स्थापित किया गया है, जिसमें हॉटलाइन, जेनरेटर सेट और जालंधर, फगवाड़ा और अमृतसर में नए सौर ऊर्जा प्लांट शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने तृतीय श्रेणी और द्वितीय श्रेणी देखभाल के विस्तार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ईएसआई लाभार्थी अब 140 अस्पतालों में कैशलेस उपचार प्राप्त कर सकते हैं, जिनमें 139 निजी संस्थान और जीएमसी पटियाला, अमृतसर और पंजाब बिलियरी इंस्टीट्यूट जैसे प्रमुख सरकारी संस्थान शामिल हैं। उन्होंने भविष्य की परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी, जिनमें मालेरकोटला में एक मेडिकल कॉलेज, डेराबस्सी और बठिंडा में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल और फोकल प्वाइंट पटियाला में एक नए पॉलीक्लिनिक की स्थापना शामिल है। डॉ. बलबीर सिंह ने आगे कहा कि राज्य के पास पहले से ही 784 आवश्यक दवाओं का स्टॉक उपलब्ध है, जिसके लिए 10 प्रतिशत गुणवत्ता जांच संबंधी सख्त प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। ईएसआईसी नियमों के अनुसार 86 विशेषज्ञ डॉक्टरों और 47 स्टाफ नर्सों की मौजूदा कमी को देखते हुए, उन्होंने आश्वासन दिया कि डिस्पेंसरियों में रखरखाव और डबल-शिफ्ट कार्यों को सुचारू बनाने के लिए भर्ती और 'ईएसआई सोसाइटी' का गठन प्रगति पर है।

### 10 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

डॉ. बलबीर सिंह ने फील्ड अधिकारियों को उनके निगरानी कार्यों में सहायता के लिए किराए पर लिए गए 10 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे बेहतर निगरानी सुनिश्चित होगी। अंत में, मंत्री ने कहा कि अब बेहतर और निर्बाध तरीके से ईएसआई सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (ईएसआई) भवन के नवीनीकरण से स्टाफ के लिए काम करने का बेहतर माहौल सुनिश्चित किया गया है। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पंजाब के निदेशक डॉ. हतींदर कौर; स्वास्थ्य सेवाएं (परिवार कल्याण) पंजाब के निदेशक डॉ. अदिति सलारिया; ईएसआई के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पंकज वोहरा सहित उप निदेशक, सहायक निदेशक, प्रोग्राम अधिकारी और अन्य अधिकारी एवं स्टाफ भी उपस्थित थे।

## मोगा में देह व्यापार के आरोप में अकाली नेता और एमसी जगजीत सिंह जीता गिरफ्तार

**चंडीगढ़.** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने शिरोमणि अकाली दल (बादल) पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि अकाली दल का इतिहास काले कामों से भरा है। पन्नू ने कहा कि 2007 से 2017 तक अकाली-भाजपा सरकार के दौरान पंजाब ने जो संताप झेले हैं, उनकी लिस्ट बहुत लंबी है।

चाहे गोरे लोगों का काला धंधा हो, केबल माफिया हो, बस का धंधा हो या गैंगस्टर कल्चर को बढ़ावा देना हो, हर जगह अकाली नेताओं की सीधी संलिप्तता साफ दिखती थी। आज एक बार फिर उनका घिनौना चेहरा जनता के सामने आ गया है।

बलतेज पन्नू ने मोगा के ताजा घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि वहां एक अकाली नेता और एमसी जगजीत सिंह जीता को देह व्यापार का धंधा चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जिस होटल में लड़कियों से यह गलत काम करवाया जा रहा था, उसका मालिक जगजीत सिंह जीता है। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से कई लड़कियां मिलीं, जिनमें एक नाबालिग लड़की का मिलना बहुत दिल दहला देने वाला और चिंता की बात है।

पन्नू ने सवाल उठाया कि गिरफ्तारी के इतने घंटे बाद भी किसी बड़े अकाली नेता ने इस पर कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी? क्या उनकी चुप्पी सीधे तौर पर अपराधियों का समर्थन करना है? अकाली दल की 'पंजाब बचाओ यात्रा' पर तंज कसते हुए पन्नू ने कहा कि मोगा में इस रैली के दौरान जगजीत सिंह जीता की सीनियर अकाली नेताओं के साथ तस्वीरें सामने आई हैं। उन्होंने पूछा कि क्या ये लोग ऐसे ही पंजाब को बचाएंगे? जिनके हाथ ऐसे धंधों से सने हैं जो मासूम लड़कियों का भविष्य अंधेरे में धकेलते हैं, उन्हें पंजाब बचाने की बात करना शोभा नहीं देता।

पन्नू ने कहा कि मोगा में पहले भी सामने आए सेक्स स्कैंडल में कई सीनियर अकाली नेताओं के नाम सामने आए हैं, जिससे साबित होता है कि यह पार्टी अनैतिकता और बुरे धंधों का गढ़ बन गई है।

बलतेज पन्नू ने पंजाब के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज पंजाब को किसी और से नहीं बल्कि ऐसे लोगों से बचाने की ज़रूरत है जिन्होंने अपने निजी फायदे और लालच के लिए कोई भी बुरा धंधा नहीं छोड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार ऐसे किसी भी अपराधी को बख्शने वाली नहीं है, चाहे वह कितना भी रसूखदार क्यों न हो।

## आधी आबादी को संसद में अधिकारपूर्वक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए : सिसोदिया



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को संसद में अधिकारपूर्वक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। किसी एक जेंडर का एकाधिकार नहीं होना चाहिए। मनीष सिसोदिया ने आगे कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर जो सीटों के स्ट्रक्चर के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, वो भारत के डेमोग्राफी के हिसाब से गलत है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग जहां से चुनाव नहीं जीत पाते हैं, वहां वोट कटवा देते हैं। दूसरा, ये जिस जगह से चुनाव नहीं जीत पाते वहां सीटें कम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का इनका तरीका बहुत गलत है। पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि जहां भाजपा को कम वोट मिलते हैं, परिसीमन के जरिए सीटों का वहां से हिस्सा कम करना चाहते हैं। ये लोकतंत्र को, चुनाव को लूटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल ठीक है, लेकिन संविधान विरोधी काम ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता और मीडिया प्रभारी डॉली शर्मा ने कहा कि हमने कभी भी महिला आरक्षण बिल का विरोध नहीं किया है। जिस पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व महिलाओं के हाथों में रहा है, और जिसने देश को पहली महिला प्रधानमंत्री दी, वह भला ऐसे किसी कदम का विरोध कैसे कर सकती है। हम महिला सशक्तीकरण का जीता-जागता सबूत हैं और कांग्रेस को इसके खिलाफ के तौर पर पेश नहीं किया जा सकता। हमने हमेशा इसका समर्थन किया है, 30 महीने पहले भी और हम आज भी इसका समर्थन कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने कहा कि सरकार महिलाओं को गुमराह कर रही है।

महिला आरक्षण विधेयक पहले ही पारित हो चुका है लेकिन इसे परिसीमन विधेयक से जोड़ा जा रहा है। जैसा कि आप जानते हैं, दक्षिणी राज्यों की कई महत्वपूर्ण मांगें हैं लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## मानवाधिकार कमिशन का जिला कोर ग्रुप का मैंबर बनने पर जतिंदर देवगन का आप के विधायकों द्वारा सम्मान

बरनाला. सरकार मानवाधिकार कमिशन के जिला कोर ग्रुप के मैंबर जतिंदर देवगन को पंजाब विधानसभा सभा के चेयरमैन व विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी एवं विधायक लाभ सिंह उगोके की तरह से विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

बाल्मीकि समुदाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जतिंदर देवगन ने कहा कि डॉ. अंबेडकर मानवाधिकारों के सबसे बड़े रक्षक थे, जिन्होंने हमें समानता का अधिकार दिया, लेकिन अब एक और व्यक्तित्व, पद्म श्री जतिंदर सिंह शंटी जी, जो पंजाब और चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के सदस्य हैं, को ईश्वर ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए एक दिव्य आत्मा के रूप में पृथ्वी पर भेजा है।

जो लोग भाई घनैया के दर्शन का अनुसरण करते हुए बिना किसी भेदभाव के मानवाधिकारों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर कोरोना की घातक बीमारी से मरने वालों का अपने हाथों से अंतिम संस्कार किया, जिनके वारिस उन्हें छोड़कर भाग गए थे,उन्होंने दिल्ली में 70 हजार लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया और इस दौरान उन्हें किसी प्रकार का जातिगत भेदभाव देखने को नहीं मिला; मुस्लिम समुदाय के मृतकों को सम्मानपूर्वक दफनाया गया। अब वे अस्पतालों सहित हर विभाग के सुधार में लगे हुए हैं।बरनाला कोर कमेटी के सदस्य जतिंदर देवगन ने बाल्मीकि समुदाय की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जतिंदर शंटी जी सफाईकर्मियों के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कई परामर्श ला रहे हैं, जिनका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार डॉ. बाबा साहब अंबेडकर ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, उसी प्रकार जतिंदर शंटी ने भी मानवाधिकारों की रक्षा के लिए एक मिसाल कायम की है और उन्हें पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने विलेज डिफेंस कमेटियों के सदस्यों से की बातचीत**

## बातचीत के दौरान उठाई गई समस्याओं को जल्द हल करने का भरोसा दिया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पठानकोट.** आज माननीय गवर्नर पंजाब श्री गुलाब चंद कटारिया जी पठानकोट दौरे पर पहुंचे। सबसे पहले, गवर्नर पंजाब महाराणा प्रताप आदर्श विद्यालय मांग्याल (मनवाल) पहुंचे, जहां जिला प्रशासन ने उनका शानदार स्वागत किया और पंजाब पुलिस ने उन्हें बड़ा गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

गौरतलब है कि गवर्नर पंजाब श्री गुलाब चंद कटारिया जी ड्रग्स के खिलाफ अभियान के तहत पूरे पंजाब में पदयात्राएं निकाल रहे हैं, जिसके तहत वे जिलों में पहुंचकर विलेज डिफेंस कमेटियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं और उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। जिसके तहत आज पठानकोट जिले के बामियाल इलाके में डिप्टी कमिश्नर पठानकोट डॉ. पल्लवी की अध्यक्षता में विलेज डिफेंस कमेटियों की एक खास मीटिंग हुई। इस मौके पर पंजाब के गवर्नर के प्रिंसिपल सेक्रेटरी श्री विवेक प्रताप सिंह, रेड



क्रॉस पंजाब के सेक्रेटरी श्री शिव दुलार ढिल्लों और जिले के दूसरे अधिकारी भी मौजूद थे। राष्ट्रगान के बाद सेरेमनी शुरू हुई। पठानकोट की डिप्टी कमिश्नर डॉ. पल्लवी ने माननीय गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया जी और दूसरे खास तौर पर मौजूद मेहमानों का जिला पठानकोट पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर स्स्क्क पठानकोट श्री दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने जिले में चल रही विलेज डिफेंस कमेटियों की परफॉर्मेंस पर रोशनी डाली और कमेटियों के सदस्यों के सहयोग से किए गए कामों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस मौके पर माननीय गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि पंजाब में नशा खत्म करने की मुहिम के तहत वे लंबे समय से पैदल मार्च निकाल रहे हैं और लोगों और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के समारोह में उन्हें भारत-पाक बॉर्डर से सटे गांवों में बनी विलेज डिफेंस कमेटियों द्वारा किए जा रहे कामों के बारे में पता चला है और वे पूरी लगन और मेहनत से काम कर रही हैं। सीमावर्ती इलाकों के विकास को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने कहा कि इन इलाकों में सबसे पहले हर तरह की दिक्कतें आती हैं। इसलिए, इन गांवों को प्राथमिकता लिस्ट में रखा गया है और इनके विकास के लिए खास प्लान तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बॉर्डर के गांवों को आर्थिक और डेवलपमेंट में मदद देने का प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसके जल्द ही फाइनल होने की उम्मीद है। उन्होंने ड्रग्स के खिलाफ चल रहे कैंपेन पर भी खुशी जताई और कहा कि बॉर्डर के जिलों में इस बारे में लगातार मार्च और अवेयरनेस कैंपेन चलाए गए हैं। यह भी साफ किया कि जब तक लोग खुद इस कैंपेन का हिस्सा नहीं बनेंगे, इस समस्या पर पूरी तरह से कंट्रोल करना मुश्किल है। उन्होंने लेजिस्लेटिव प्रोसेस के बारे में बताया कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार इस मामले पर मिलकर काम कर रही हैं। अगर कोई समस्या आती है, तो दोनों सरकारों के बीच तालमेल से उसे सुलझाया जाएगा, ताकि बॉर्डर इलाकों का विकास और सुरक्षा पक्की हो सके।

## बटाला के लिए 177 करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, सीएम मान का विपक्ष पर हमला

पंचकूला ऑब्जर्वर

**बटाला।** पंजाब के ऐतिहासिक शहर बटाला में बड़े बदलाव की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को 177 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विस्तार शामिल है, साथ ही उन्होंने इस मौके पर पूर्व सरकारों पर तीखा राजनीतिक हमला भी बोला। इन परियोजनाओं के तहत नगर निगम द्वारा 95.72 करोड़ रुपये के कार्य, मंडी बोर्ड द्वारा 16.05 करोड़ रुपये और लोक निर्माण विभाग द्वारा 65.09 करोड़ रुपये की सड़कों के निर्माण कार्य किए जाएंगे।

इसके अलावा 42.56 करोड़ और 34.97 करोड़ रुपये की नई मरम्मत परियोजनाएं भी



शामिल हैं। इस विकास अभियान में नए पुलों का निर्माण, ट्रैफिक जाम से राहत के लिए आधुनिक बस स्टैंड और 14.81 करोड़ रुपये की लागत से नई पुलिस लाइन बनाने की योजना भी शामिल है।सीएम मान ने इस विकास अभियान को अतीत से निर्णायक बदलाव करार देते हुए कहा कि पंजाब के लोगों ने 2022 में अकाली-कांग्रेस की तीन पीढ़ियों की लूट को खत्म कर दिया है और 2027 में उनकी वापसी नहीं होने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने खुद को बचाने के लिए 'बेअदबी' से जुड़े कानूनों को जानबूझकर कमजोर बनाया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, अकालियों ने जानबूझकर बेअदबी के खिलाफ कमजोर कानून बनाए ताकि इस जघन्य अपराध के दोषियों को सजा न मिल सके। उन्होंने आगे कहा, ये नेता इस बात से भी डरते थे कि कहीं उन्हें भी उनके अपराधों की सजा न मिल जाए, इसलिए उन्होंने कानूनों को कमजोर रखा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया है, जिसमें बेअदबी के मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की घटनाएं राज्य में शांति, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की गहरी साजिश थीं।

सीएम मान ने जोर देते हुए कहा कि इस नए कानून से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा, अब इस अक्षम्य अपराध में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दूसरों के लिए नजीर पेश की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा, अगर श्री गुरु ग्रंथ साहिब राज्य में सुरक्षित नहीं हैं, तो फिर कहीं भी सुरक्षित नहीं हो सकते, और इस कानून को बेअदबी की घटनाओं पर रोक लगाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

## एक नजर

### अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी, मार्केटों व मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार.** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। यह कार्रवाई मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार पर, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल व डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर की जा रही है। अभियान का उद्देश्य मुख्य सड़कों और बाजारों में सुचारू यातायात बहाल करना और आम नागरिकों को जाम व असुविधा से राहत देना है। इस दौरान तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। बुधवार को अभियान की शुरुआत रेलवे रोड से की गई। इसके बाद 12 क्वार्टर रोड पर शिकायत के आधार पर सैनेटरी स्टोर के बाहर सड़क पर रखे सामान को हटवाया गया। इसके अलावा जीजेयू गेट के सामने से मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। पड़ाव चौक पर स्कूल गेट के पास और एक दुकानदार द्वारा किए गए अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की गई। टीम ने पड़ाव चौक से बरवाला चुंगी पुल तक सड़क से अतिक्रमण हटाया। इसके अलावा तलाकी गेट से ऋषि नगर और बस स्टैंड से सिरसा चुंगी तक भी अतिक्रमण हटाया गया। राजगुरु मार्केट, बालाजी मार्केट, पुल तेलियान और बिश्नोई मंदिर मार्केट में भी कार्रवाई हुई, जहां से अतिक्रमण के साथ-साथ जनरेटर भी हटवाए गए। दुकानदारों को सामान निर्धारित सीमा में रखने की अपील की गई।

### खेल न केवल शरीर को फिट रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं : नंबरदार

**कालांवाली.** गांव नुहियांवाली में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर वालीबॉल क्लब के सौजन्य से व ग्राम पंचायत के विशेष सहयोग से एक दिवसीय मिनी वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गांव की 5 टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि आत्माराम नंबरदार ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं के लिए खेल न केवल शरीर को फिट रखता हैं, बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करता हैं। यह नशे और गलत राह से दूर रखकर एक सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता हैं। मैं आयोजकों को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई देता हूं। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रमन की टीम प्रथम, अभिषेक की टीम द्वितीय व अशोक की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कलब के वरिष्ठ खिलाड़ी व प्रशिक्षक डीपीई सुरजभान देमीवाल ने बताया कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को खेल के माध्यम से जोड़कर अनुशासन व मेहनत की भावना विकसित कर सकते हैं। विजेताओं को मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि आत्माराम पिंडर नंबरदार ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कोच रमेश कुमार, सतबीर दत, सुशील, राजेन्द्र जुनियर, अशोक शास्त्री, अजय, पवन, सुनील व गोलू आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पुलिस ने घर में घुसकर हमला करने के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**कालांवाली.** थाना ओढ़ा पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर तेजधार हथियार से हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सरवण उर्फ साबू व वकील निवासी खुईयां नेपालपुर के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने बताया कि दिनांक 22.03.26 को शिकायतकर्ता वकील निवासी खुईयां नेपालपुर ने ब्यान दिया कि 21 मार्च को जब वह अपने घर पर था तो बाहर कृष्ण मन्दिर के पास चौक पर उसके भाई की आरोपियों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जब वह वहां पहुंचा तो आरोपियों द्वारा उस पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। उसके बाद वो अपने घर आ गए और रात 9 बजे आरोपियों द्वारा फिर से उसके घर में आकर उसके पिता जगबीर सिंह को भी चोटें मारकर आरोपी मौका से भाग गए। ओढ़ा पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की दी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### गांव भरोखां में शिक्षाविद् चमन भारतीय को एसपी ने किया सम्मानित

**सिरसा।** सिरसा पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि बाबा साहेब का कहना था कि मैं किसी राष्ट्र की प्रकृति का आंकलन महिलाओं की प्रगति से आंकता हूं। वे संविधान शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहेब की 135 में जयंती के अवसर पर गांव भरोखां के सरकारी स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। समारोह का आयोजन शहीद भगत सिंह युवा क्लब भरोखां और ग्राम पंचायत भरोखां के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। स्नेह लता सरपंच, ग्राम पंचायत भरोखां ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। मंच संचालन चमन भारतीय शिक्षाविद ने बहुत ही कुशलता और तन्मयता से किया। चमन भारतीय ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने एक जगह लिखा है कि अगर मेरी पत्नी रमाबाई ने मेरा साथ ना दिया होता तो आज मैं ना खुद तरक्की कर पाता और ना ही भारत का संविधान लिख पाता। मेरी पत्नी ने मेरा पूरा सहयोग दिया, साथ दिया। हमें भी नारी का सम्मान करना चाहिए। नारी की इज्जत करनी चाहिए, एक नारी को शिक्षित करना चार पीढ़ियों को शिक्षित करना है। इस अवसर पर नशा मुक्त राष्ट्र पर एक स्किट भी बच्चों द्वारा दिखाई गई, जिसकी उपस्थिति ने सराहना की। इस अवसर पर रमन ढाका एडवोकेट, विक्रम इंदौर पत्रकार, हेमराम आयुष विभाग ने भी अपने विचार रखे । इस अवसर पर शहीदे आजम सरदार भगत सिंह युवा क्लब भरोखां द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर भीम सिंह रोज सरपंच प्रतिनिधि, मिल्खराज, जसवंत सिंह अध्यक्ष ब्लॉक समिति सिरसा, राजेश सरपंच प्रतिनिधि बरुवाली प्रथम, रामस्वरूप सरपंच दड़बी, रोहतास सरपंच प्रतिनिधि, रेशम सरपंच प्रतिनिधि पनिहारी, नरेंद्र मेहता सरपंच प्रतिनिधि मुसाहिबवाला, हरिराम पूर्व सरपंच भरोखां, हरीश ब्लॉक समिति मेंबर प्रतिनिधि, वेद प्रकाश प्रधानाचार्य, सुरेंद्र कुमार एच टी, जयवीर, अनिल कुमार, अमित कुमार कला अध्यापक, शर्मिला पूर्व सरपंच, शिवाजी शेट्टी, देवराज नंबरदार भरोखां, पृथ्वीराज जोशी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### हिसार-दिल्ली समय सारिणी में बदलाव के विरोध में सांझा मोर्चा ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा, सिरसा डिपो के पदाधिकारियों ने हिसार-दिल्ली की पुरानी चल रही समय सारिणी में बिना अनुमति बदलाव करने के विरोध में रोडवेज महाप्रबंधक कुलदीप जांगड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने आए सुरेंद्र बैरागी सचिव, लादू राम लूणा, शेरसिंह खोड रोडवेज कर्मचारी यूनियन 1004 (महासंघ), पृथ्वी चाहर प्रधान एसकेएस, सुरेंद्र निरानिया प्रधान बीएमएस, प्रवीन बालसमंद सचिव रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ, अमरजीत प्रधान जागृति मंच आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि हिसार आरटीओ ने पुरानी चल रही हिसार-दिल्ली की समय सारिणी में मनमाने तरीके से बदलाव कर दिया है, जोकि प्राइवेट गाड़ियों को फायदा देने की मंशा से किया गया है। यह फैसला यात्रियों के साथ-साथ रोडवेज विभाग के लिए भी नुकसानदायक है।

# विकसित भारत के लक्ष्य के प्राप्त करने के लिए महिलाओं को सशक्त करना अनिवार्य : रेनू भाटिया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**हिसार.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किए जाने का स्वागत करते हुए नारी शक्ति वंदन संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया मुख्य अतिथि रही जबकि जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने अध्यक्षता की। आजाद नगर स्थित गोदारा पैट्रोल पंप से संत कबीर छात्रावास तक निकाली इस पद यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेनू भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार महिलाओं को आरक्षण देकर इतिहास रच रही है। पहले महिलाओं को चूल्हे चौके तक सीमित समझा जाता था लेकिन मोदी सरकार ने महिलाओं की भागीदारी की अहमियत समझी और उन्हें उनके अधिकार देते हुए यह अधिनियम लागू करने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि यह अधिनियम लागू हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के प्राप्त करने के लिए देश की आधी आबादी महिलाओं को सशक्त करना अनिवार्य है। इसी दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उठाया गया एक ऐसा क्रांतिकारी कदम है, जिसने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में महिलाओं के लिए स्वर्णिम द्वार खोल दिए हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतंत्र में महिलाओं के लिए नया युग शुरू होने वाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने यात्रा में आए मुख्य अतिथि व अन्य नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत करते हुए इसे केन्द्र सरकार का क्रांतिकारी कदम बताया।



## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीसी से करेंगे वार्ड समिति के साथ सीधा संवाद



**हिसार.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 16 अप्रैल को वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से प्रदेशभर की वार्ड समितियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में हिसार जिले की नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिका की वार्ड समितियां भी जुड़ेंगी। जिले से यह संवाद गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय (जीजेयू) के सतेन्द्र नाथ बोस हॉल-1 से किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला नगर आयुक्त नीरज अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हॉल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सभी पहलुओं को बारीकी से परखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन जयबीर डूडी, एमई अमित बेरवाल, एमई कर्मपाल सिंधू सहित सभी जेई और बरवाला व उकलाना के यूएलबी के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान जिला नगर आयुक्त नीरज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियां लगाए ताकि समय पर सभी तैयारियां पूरी हो। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और तकनीकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर जोर दिया। इसके अलावा वार्ड समिति के चेयरमैन और सदस्यों के बैठने की व्यवस्था निर्धारित कर दी गई है। साथ ही अधिकारियों के लिए भी स्थान तय किया गया है। जिससे कार्यक्रम सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके।

## हरियाणा में दो आईएएस अधिकारियों का तबादला

**चंडीगढ़.** हरियाणा सरकार ने तुरन्त प्रभाव से दो आईएएस अधिकारियों के तबादला एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार महेंद्रगढ़ (नारनौल) के उपायुक्त श्री मनोज कुमार-द्व को वित्त विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी), फरीदाबाद की प्रशासक तथा शहरी संपदा, फरीदाबाद की अतिरिक्त निदेशक सुश्री अनुपमा अंजलि को महेंद्रगढ़ (नारनौल) का उपायुक्त लगाया गया है।

# सभी निकायों में एक मई से दो सप्ताह तक चलेगा स्पेशल स्वच्छता अभियान : सीएम नायब सैनी

**प्रदेश की नवगठित वार्ड समितियों के सदस्यों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुए रुबरु**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि राज्य के सभी नगर निकाय संस्थानों में आगामी एक मई 2026 से दो सप्ताह के लिए स्पेशल स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, इस अभियान के अलावा वर्षभर चलने वाले सफाई कार्यों में वार्ड समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी जिमेदारी समझकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' के विजन को लक्ष्य तक पहुंचाना है। स्वच्छता के मामले में बेहतरीन कार्य करने वाले वार्डों को रैंकिंग के आधार पर उनको इन्सेंटिव देकर सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों में नवगठित वार्ड समितियों के सदस्यों से रुबरु हो रहे थे।

श्री नायब सिंह सैनी ने सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था लोगों की सहभागिता से ही संभव है , क्योंकि जब तक प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता की स्वयं जिम्मेवारी नहीं लेगा तब तक इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाना संभव नहीं है। उन्होंने समिति के सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने -अपने क्षेत्र के शहरी नगर निकाय में कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार से मिलकर उनके



वाहन का रुट प्लान इस तरह से तैयार करें कि हर घर तक वाहन पहुंचे और सभी घरों का समय पर कूड़ा उठान सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने इन सदस्यों से स्वच्छता अभियान के लिए सुझाव देने के लिए भी प्रेरित किया और कहा कि अच्छे सुझावों पर गौर करके उनको कार्य में सम्मिलित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वार्ड समिति के इन सदस्यों को जनता और सरकार के मध्य एक सेतु बताते हुए कहा कि अगर कोई अधिकारी कूड़े के उठान से संबंधित उनकी शिकायत नहीं सुनता है तो राज्य मुख्यालय पर एक हेल्पलाइन नंबर भी दिया जाएगा जिस पर वे अपनी शिकायत उच्च स्तर तक पहुंचा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निर्धारित स्थान की बजाए अन्य स्थान पर कूड़ा फेंकने वाले नागरिकों को समझाएं, टोकें, फिर धीरे-धीरे उनका भी मूड बदलने लगेगा और वे भी स्वच्छता में सहभागी बन जाएंगे। उन्होंने नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों से भी जागरूक करने की बात कही।

उन्होंने वार्ड समिति के सदस्यों को 'मेरा वार्ड, स्वच्छ वार्ड' के संकल्प को पूरा करने के लिए आह्वान करते हुए कहा कि उन्होंने अधिकारियों को इन सदस्यों की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने सदस्यों को अपने -अपने क्षेत्र में सभी समुदायों के बीच शांति, सौहार्द एवं भाईचारा रखने में सहयोग करने की अपील भी की है। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक पार्क, स्ट्रीट लाइट, स्टेडियम, सरकारी अस्पतालों में भी स्वच्छता के साथ-साथ अन्य बुनियादी सुविधाओं में कमियों की तरफ भी प्रशासन तथा सरकार का ध्यान आकर्षित करने को कहा। उन्होंने पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए भी जनता की मदद करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव यशपाल तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के मिशन-निदेशक शाश्वत सांगवान के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पठानिया पब्लिक स्कूल की हिमांषी 99.2 प्रतिशत से टॉपर

**रोहतक.** सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में कीर्तिमान स्थापित करने की परम्परा को बरकरार रखते हुए पठानिया पब्लिक स्कूल के स्वर्णिम इतिहास में विद्यार्थियों ने एक नवीन रत्न जड़ित अध्याय जोड़ा। होनहार छात्रा हिमांशी ने 99.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर आकर अपनी अद्भुत सफलता का नया परचम लहराया। इसी श्रृंखला में द्वितीय स्थान पर छात्रा हिमाक्षी पाहवा ने 99 प्रतिशत व अभिषिक्ता नायक ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 212 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 14 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक अंक, 48 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक तथा 97 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विषयवार प्राप्तांक इस प्रकार रहे- हिन्दी-100, मैथ-100, सोशल साइंस-100, कम्प्यूटर साइंस-100, अंग्रेजी-99, साइंस-98 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 55 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100/100 अंक प्राप्त कर नई ऊँचाइयों को छुआ और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बने। यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास, प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट शिक्षा का परिणाम है; अभिभावकों के सहयोग, स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के अथक परिश्रम ने इस सफलता को और भी विशेष बना दिया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर निदेशक अंशुल पठानिया, स्कूल को-फाउण्डर वर्षा रानी पठानिया, प्रधानाचार्या तनवी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, कोर्डिनेटर कनिका मग्गू, आलोक रानी व अध्यापकगणों ने अभिभावकगण व विद्यार्थियों को ढेर सारी बधाइयाँ दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## पार्टी में अनुशासन जरूरी, हाईकमान का फैसला सर्वोपरि: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**चंडीगढ़.** हरियाणा में एक साथ पांच विधायकों को निलंबित करके कांग्रेस ने बड़ा संदेश दिया है। राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है जब मौजूदा एवं वरिष्ठ विधायकों को एक साथ निलंबित किया गया है। हरियाणा कांग्रेस में लंबे समय से अनुशासनहीनता बड़ा मुद्दा रही है। पूर्व में कई नेता पार्टी के भीतर रहकर नेतृत्व पर सवाल उठाते रहे हैं। कई नेता पार्टी द्वारा जारी गाइडलाइन की अनदेखी करके अपना एजेंडा सैट करते रहे हैं। इसके बावजूद पार्टी की तरफ से कभी कार्रवाई नहीं की गई।

राव नरेंद्र सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी की तरफ से अनुशासन समिति का गठन किया गया। अनुशासन समिति की तरफ से नोटिस तो कई नेताओं को जारी किए गए हैं लेकिन निलंबन की कार्रवाई पहली बार हुई है।

गुरुवार को पांच विधायकों को निलंबित करने के आदेश जारी होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि पार्टी के सामूहिक निर्णयों और अधिकृत रुख के विरुद्ध किसी भी प्रकार की गतिविधि पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि विधायकों पर कार्रवाई उनकी सिफारिश पर हुई है। उन्होंने ही पार्टी को सिफारिश की थी।

## फरियाबाद की बेटी महक ढुल ने राष्ट्रीय कबड्डी में जीता गोल्ड

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल.** गांव फरियाबाद की प्रतिभाशाली बेटी महक ढुल ने 73वीं सीनियर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम को हराकर गोल्ड मेडल जीतकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। महक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने सेरधा से डीजे के साथ उसका भव्य स्वागत किया और जुलूस के रूप में गांव तक लेकर आए। इसके बाद महक ने बाबा बिशुनपुर मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात अमिया पट्टी चौपाल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां ग्राम पंचायत व ग्रामीणों की ओर से महक और उसके कोचों को



सम्मानित किया गया। सरपंच प्रतिनिधि पलाराम ने बेटियों को 5100-5100 रुपये की सम्मान राशि व मालाएं पहनाकर सम्मानित किया जबकि पूर्ण सिंह ने महक को 11,000 रुपये देकर उसका मान बढ़ाया।

पूर्व सरपंच रमेश ने भी बेटियों को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। छोटूराम विचार मंच के जिला अध्यक्ष मास्टर सुरेंद्र ढुल ने बेटियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं वाल्मीकि समाज द्वारा भी बेटियों का सम्मान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर मेघराज, मांगेराम, वीरेंद्र मास्टर, सत्यवान, करण सिंह, रुपिंदर, पंकज, कैप्टन रामभज, रामचंद्र, रामकुमार, भान सिंह पांचाल, वेदपाल, नंबरदार सोनू, रामदिया, शेर सिंह, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसडीएम ने बराड़ा व मुलाना मंडियों का किया निरीक्षण

पंचकूला ऑब्जर्वर

**मुलाना.** उपमंडल अधिकारी (ना0) सतीन्द्र सिवाच ने बराड़ा और मुलाना की अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में चल रही खरीद प्रक्रिया, किसानों के लिए किए गए इंतजाम, फसल के उठान और भुगतान प्रणाली का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूं खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारू ढंग से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और उनकी फसल की खरीद बिना देरी के सुनिश्चित की जानी चाहिए।

एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने कहा कि किसानों की फसल का समय पर उठान और भुगतान सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खरीद के बाद गेहूं का तुरंत उठान किया जाए ताकि मंडियों में



अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। एसडीएम ने गेहूं उठान से संबंधित एजेंसियों को स्टॉक समय पर उठाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि ट्रांसपोर्टर की लापरवाही के कारण स्टॉक उठाने में देरी होती है, तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें तथा व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित बनाए रखें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान तय समय सीमा के भीतर किया जाना अनिवार्य है।

इस अवसर पर उनके साथ देवेंद्र सिंह, डीएम हैफेड अंबाला भी मौजूद रहे। उन्होंने भी मंडियों में चल रही खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया और अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंडी में मार्किट कमेटी बराड़ा के सचिव राहुल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने खरीद से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम ने मंडियों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल, छाया और बैठने की सुविधा का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में स्वच्छता बनाए रखी जाए और किसानों के लिए पर्याप्त पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडियों में व्यवस्था बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की संयुक्त जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी स्तर पर कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने कहा कि सरकार किसानों की फसल की सुचारू और व्यवस्थित खरीद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना अभियान शुरू, नागरिक स्वयं भर सकेंगे जनगणना विवरण : एसडीएम

**नारायणगढ़.** उपमंडल नारायणगढ़ की एसडीएम एवं सब-डिवीजनल सेंसस ऑफिसर शिवजीत भारती ने बताया कि जनगणना के तहत स्व-गणना का अभियान 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल ह्यद्ग.ष्द्गठ्ठ-ह्यद्बह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 तक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। एसडीएम एवं सब डिवीजनल सेंसस ऑफिसर शिवजीत भारती तथा नायब तहसीलदार एवं नारायणगढ़ उपमंडल के चार्ज अधिकारी सुनील कुमार ने आज स्व-गणना की और नागरिकों से स्व-गणना में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने सभी उपमंडलवासियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में भाग लेकर जनगणना को सफल बनाएं।



# मटका किंग में 60-70 के दशक की मुंबई को जीना रहा खास अनुभव : कृतिका कामरा

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इन दिनों अलग-अलग दौर की कहानियों को दिखाने का चलन तेजी से बढ़ा है। खासकर ऐसी कहानी को, जो पुराने समय की जिंदगी और माहौल को सामने लाए। इस कड़ी में मटका किंग सीरीज काफी चर्चा में है, जिसमें 1960 और 70 के दशक की मुंबई की कहानी देखने को मिलेगी। शो को लेकर एक्ट्रेस कृतिका कामरा ने आईएएनएस से बात करते हुए अपना अनुभव साझा किए। कृतिका कामरा इस शो में गुलरुख नाम की पारसी महिला का किरदार निभा रही हैं। इसको लेकर उन्होंने बताया कि इस शो में काम करना उनके लिए एक अलग दौर को महसूस करने जैसा था। आईएएनएस संग बातचीत में कृतिका कामरा ने कहा, जब कोई कलाकार किसी ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनता है, जो पुराने समय पर आधारित होता है, तो सेट पर कदम रखते ही वह खुद को उस दौर में महसूस करने लगता है। जैसे ही मैं सेट पर जाती थी और उस समय के कपड़े पहनती थी, तो ऐसा लगता था, जैसे मैं सच में 60-70 के दशक की दुनिया में पहुंच गई हूं। उस दौर की भाषा, रहन-सहन और लोगों का व्यवहार आज से बिल्कुल अलग था, जिसे समझना और अपनाना मेरे लिए एक नया अनुभव रहा। उन्होंने कहा, उस समय की जिंदगी आज के मुकाबले काफी धीमी थी, क्योंकि तकनीक इतनी विकसित नहीं थी। हर काम में समय लगता था और लोगों के पास धैर्य यादा होता था। शो में इन सभी चीजों को बारीकी से दिखाने की कोशिश की गई है, जिससे दर्शकों को उस समय का असली एहसास मिल सके। बातचीत के दौरान कृतिका ने एक दिलचस्प बात भी साझा की। उन्होंने बताया कि शो में एक समय ऐसा आता है, जब मटका के नंबर फोन के जरिए आने लगते हैं। लेकिन उस दौर के फोन आज जैसे नहीं थे। उस समय कॉल जोड़ने के लिए ऑपरेटर होते थे, जो मैन्युअली लाइनों को कनेक्ट करते थे।

उन्होंने कहा, आज की नई पीढ़ी शायद इन चीजों से पूरी तरह अनजान है, क्योंकि अब तकनीक काफी आगे बढ़ चुकी है। एक्ट्रेस के कहा, उस दौर की कई बातें मेरे लिए काफी रोचक थीं। भले ही समय बदल गया हो, लेकिन लोगों की भावनाएं और उम्मीदें आज भी वैसी ही हैं। इंसान हमेशा उम्मीद से जुड़ा रहता है, और यही भावना इस शो में भी देखने को मिलती है। इसी वजह से मैं अपने किरदार और कहानी से आसानी से जुड़ पाई।

मटका किंग की कहानी एक ऐसे शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है जो जुए की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ता है और उस समय की मुंबई में अपनी पहचान बनाता है। इस कहानी में उस दौर की कपड़ा मिलों का भी अहम



योगदान दिखाया गया है, जो उस समय शहर की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा थीं। यह शो प्राइम वीडियो पर 17 अप्रैल को रिलीज होने जा रहा है।



# निकिता गांधी ने 'तू ही दिसदा' को बताया जेन-जी के लिए खास तोहफा

**अक्षय** कुमार की आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' का का नया रोमांटिक गाना 'तू ही दिसदा' हाल ही में रिलीज हुआ, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह गाना अरिजीत सिंह और निकिता गांधी की शानदार आवाज में हैं। इसका संगीत प्रीतम ने दिया, जबकि बोल कुमार द्वारा लिखे गए हैं। गायिका निकिता गांधी ने हाल ही में बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने गाने को जेन जी जेनरेशन को समर्पित बताया। निकिता का मानना है कि यह गाना आज की युवा पीढ़ी, यानी कि जेन जी के लिए बेहतरीन उदाहरण है। यह गाना सुनकर लगता है जैसे कोई सपना हो, जो दिल में बस जाता है। उन्होंने कहा, 'इस गाने का हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं। यह एक बहुत ही प्यारा गाना है, जिसके जरिए एक बार फिर मैं, अरिजीत और प्रीतम दादा एक बार फिर साथ में आए। हालांकि, हमने पहले भी कई बेहतरीन गाने दिए हैं और यह भी उनमें से एक है।' गायिका ने आगे गाने की धुन की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि इस गाने की धुन भारतीय है और इसमें देसी टच, पियानो ट्रैक भी है, जो भारतीय रोमांटिक गाने के साथ खूबसूरती से मेल खाता है। आज की युवा पीढ़ी के लिए यह गाना परफेक्ट है। गायिका ने आगे रीमिक्स और ओरिजिनल गानों पर भी अपने विचार शेयर किए।

उन्होंने कहा कि दोनों अपनी जगह अच्छे हैं। हर चीज के अच्छे और बुरे पहलू होते हैं। रीमिक्स इसलिए ज्यादा पसंद किए जाते हैं क्योंकि लोग उन गानों से पहले से परिचित होते हैं। निकिता ने कहा, 'जब मैं स्टेज पर पुराना गाना जैसे 'रात बाकी, बात बाकी' का रीमेक गाती हूं, तो कॉलेज गिग या टीचर्स के सामने हर कोई उसे पहचान लेता है।




'सैयारा' की रोमांटिक इमेज छोड़

# अब रफ लुक में दिखेंगे अहान पांडे

फिल्म 'सैयारा' की सफलता के बाद अहान पांडे एक बार फिर चर्चा में हैं. अपनी पहली फिल्म में रोमांटिक इमेज बनाने वाले अहान अब डायरेक्टर अली अब्बास जफर की अगली फिल्म में एक अलग लुक में नजर आएंगे. बॉलीवुड एक्टर अहान पांडे इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर हर तरफ छाए हुए हैं. फिल्म 'सैयारा' में अपनी मासूमियत और रोमांटिक अंदाज से सबका दिल जीतने के बाद, अहान अब बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर अली अब्बास जफर की अगली फिल्म में एक दमदार और अनोखे किरदार में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म के जरिए अहान अपनी रोमांटिक बॉय वाली इमेज को पूरी तरह बदलने जा रहे हैं, जिसे लेकर फैंस के बीच अभी से काफी एक्साइटमेंट बनी हुई है.

## गैंगस्टर के रोल में आएंगे नजर

वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे इस नई फिल्म में एक गैंगस्टर का किरदार निभा रहे हैं. इस रोल के लिए खुद पर खास काम करना शुरू कर दिया है. फिल्म की शूटिंग 3 अप्रैल से मुंबई में शुरू हो चुकी है. मुंबई का शेड्यूल पूरा करने के बाद फिल्म की पूरी टीम आगे की शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी. मेकर्स का लक्ष्य है कि साल 2027 की शुरुआत तक इस फिल्म को पूरा कर लिया जाए.



# डेढ़-दो साल से नहीं पी शराब

'एनिमल' की सफलता के बाद से बॉबी देओल लगातार बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की फिल्मों में सक्रिय हैं। वो कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। वहीं आने वाले वक्त में भी उनकी पाइपलाइन में कई बड़ी फिल्में हैं। हालांकि, बीच में जब बॉबी का मुश्किल वक्त था, तब वो शराब के आदी हो गए थे। जिसके चलते उनके रिश्तों और संबंधों पर भी इसका असर दिखने लगा था। लेकिन जल्द ही बॉबी को अपनी इस गलती का एहसास हो गया और उन्होंने इस आदत को छोड़ दिया। हाल ही में बॉबी ने अपने उस वक्त को याद किया और एक अभिनेता के लिए उसका चेहरा और शरीर कितना जरूरी होता है, इसको लेकर बात की। एस्क्वायर इंडिया के साथ बातचीत के दौरान बॉबी ने कहा कि एक अभिनेता के लिए आपका शरीर और आपका चेहरा ही वो चीजें हैं जिन्हें आप बेचते हैं। मैं इसके साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं कुछ साल पहले की तुलना में जल्दी थक जाता हूं। मुझे अपना ज्यादा ख्याल रखना होगा। मैं अब पिछले डेढ़ साल से शराब नहीं पी रहा हूं। शराब छोड़ने से मेरे आसपास का माहौल भी बदल गया है। इस दौरान मुझे इसकी कमी भी महसूस नहीं होती। बल्कि, मैं सोचता रहता हूं कि अरे, ये इतना आसान था? दो जन्मदिन और दो नए साल बीत गए हैं और मुझे शराब पीने की इच्छा नहीं हुई। इसने मुझे हैरान कर दिया।

## पिता धर्मेंद्र को भी थी शराब की लत

बॉबी ने अपने पिता धर्मेंद्र की शराब की लत के बारे में बताते हुए कहा कि मैंने देखा है कि यह क्या कर सकती है। शराब छोड़ने से मुझे किसी भी समय, किसी भी परिस्थिति में शारीरिक और भावनात्मक रूप से मौजूद रहने में मदद मिली है। इससे मेरे परिवार के साथ मेरा रिश्ता सबसे ज्यादा मजबूत हुआ है।





तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के बाद

# सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर भड़के विजय वर्मा

विजय वर्मा इन दिनों अपनी आगामी सीरीज 'मटका किंग' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। एक्टर सीरीज के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी दौरान विजय वर्मा ने तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के बाद सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और ऑनलाइन मिलने वाली अनावश्यक नफरत के बारे में खुलकर बात की। एक्टर ने बताया कि इसीलिए उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाने का फैसला भी किया, जिससे उन्हें अपने रिश्तों को मजबूत बनाने में काफी फायदा मिला।

## सोशल मीडिया ट्रोलिंग से परेशान हुए विजय

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा एक समय बी-टाउन के सबसे चर्चित कपल बन गए थे। हालांकि, दोनों का रिलेशनशिप ज्यादा लंबा नहीं चल सका और दोनों शांतिपूर्वक एक-दूसरे से अलग हो गए। लेकिन सोशल मीडिया पर दोनों के ब्रेकअप को लेकर काफी चर्चाएं हुईं और दोनों के फैंस ने एक-दूसरे को ट्रोल किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com